श्री बंशीधर नगर शुक्रवार
15.05.2026
ज्येष्ठ कृष्णपक्ष त्रयोदशी/चतुर्दशी संवत 2084
वर्ष : 04, अंक : 261

# बंशीधर न्यूज

कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 05:19 बजे
अस्त - 06:17 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 32 डिग्री से.
न्यूनतम : 24 डिग्री से.



डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com

योगा सेंटर जरूरी, पर अन्य स्थल भी विकसित हों : नम्रता >> पेज 03 'करुप्पु' की रिलीज में देरी से प्रशंसक गुस्से में >> पेज 05

## सुविचार

जो आप नियंत्रित नहीं कर सकते, उसके बारे में चिंता करने के बजाय, अपनी ऊर्जा को उस पर लगाएं जिसे आप बना सकते हैं।

## न्यूज अपडेट्स

### महंगाई की मार! 3.29 रुपये प्रति लीटर महंगा हुए पेट्रोल-डीजल

**नई दिल्ली:** ईरान के साथ अमेरिका और इजरायल की जंग का असर अब भारत के आम आदमी पर पड़ने लगा है। कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों में हुई कीमत की बढ़ोतरी के बाद अब पेट्रोल और डीजल की कीमतों में भी इजाफा हो गया है। सरकारी तेल कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल की कीमत में 3.29 रुपये तक की बढ़ोतरी की है। इस बढ़ोतरी के बाद राजधानी दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 94.77 रुपये से बढ़कर 97.77 रुपये प्रति लीटर हो गई है, जबकि डीजल 87.67 रुपये से बढ़कर 90.67 रुपये प्रति लीटर पहुंच गया। दिल्ली में पेट्रोल और डीजल में प्रति लीटर 3 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। दिल्ली में सीएनजी की कीमत मे भी 2 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। इसके साथ ही सीएनजी की कीमत 79.09 रुपये प्रति किलो पहुंच गई है। कोलकाता में पेट्रोल की कीमत में सबसे ज्यादा 3.29 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। इसके साथ ही शहर में पेट्रोल की कीमत 108.74 रुपये प्रति लीटर पहुंच गई है। मुंबई में पेट्रोल 3.14 रुपये की तेजी के साथ 106.68 रुपये हो गया है जबकि चेन्नई में इसमें 2.83 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। डीजल की कीमत में भी 3 रुपये से ज्यादा की बढ़ोतरी की गई है। कोलकाता में अब यह 3.11 रुपये बढ़कर 95.13 रुपये पहुंच गया है। मुंबई में भी इतनी ही बढ़ोतरी के बाद डीजल की कीमत 93.14 रुपये प्रति लीटर पहुंच गई है।

**अदालत** — चुनाव आयुक्त की नियुक्ति पर सुप्रीम टिप्पणी

# 'नेता विपक्ष की भूमिका बस दिखावा के लिए'

**नई दिल्ली:** देश में चुनाव आयोग के शीर्ष पदों मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और चुनाव आयुक्तों (ईसी) की नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार के कानून पर सवाल खड़े किए हैं। अदालत ने कहा कि मौजूदा चयन प्रणाली में कार्यपालिका का प्रभाव इतना अधिक दिखाई देता है कि यह चुनाव आयोग की स्वतंत्रता पर सवाल खड़ा करता है। यह टिप्पणी उस समय आई जब सुप्रीम कोर्ट की बेंच, जिसमें न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा शामिल थे, 2023 के उस कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी, जिसके तहत सीईसी और ईसीएस की नियुक्ति प्रक्रिया तय की गई है। सुनवाई अभी पूरी नहीं हुई है और मामले की अगली तारीख पर आगे विचार किया जाएगा।



### चयन समिति पर उठाए सवाल

वर्तमान कानून के अनुसार चयन समिति में प्रधानमंत्री, लोकसभा में विपक्ष के नेता और प्रधानमंत्री द्वारा नामित एक केंद्रीय मंत्री शामिल होते हैं। इसी संरचना पर सुप्रीम कोर्ट ने सवाल उठाते हुए कहा कि इसमें किसी भी स्वतंत्र सदस्य को शामिल क्यों नहीं किया गया। अदालत ने टिप्पणी की कि इस व्यवस्था में निर्णय प्रक्रिया लगभग तय हो जाती है, क्योंकि दो सदस्य सरकार से जुड़े होते हैं और तीसरे सदस्य का प्रभाव सीमित रह जाता है।

### 'कोई कैबिनेट मंत्री पीएम के खिलाफ जायेगा क्या'

सुनवाई के दौरान अदालत ने यह भी कहा कि चयन समिति में विपक्ष के नेता की भूमिका केवल प्रतीकात्मक बनकर रह जाती है। कोर्ट ने सवाल किया कि यदि अंतिम निर्णय 2:1 के अनुपात में पहले से ही तय है, तो इस समिति में संतुलन का दावा कितना वास्तविक है। कोर्ट ने यह भी पूछा कि क्या किसी कैबिनेट मंत्री से यह उम्मीद की जा सकती है कि वह प्रधानमंत्री के निर्णय के खिलाफ जाएगा।

### आयोग वास्तव में स्वतंत्र होना चाहिए

सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति दत्ता ने कहा कि केवल स्वतंत्रता का दावा पर्याप्त नहीं है, बल्कि चुनाव आयोग की स्वतंत्रता वास्तविक और स्पष्ट रूप से दिखाई भी देनी चाहिए। कोर्ट ने दोहराया कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव संविधान के बेसिक स्ट्रक्चर का हिस्सा हैं और इसके लिए चुनाव आयोग की स्वतंत्रता अनिवार्य है।

### कानून पर संसद का अधिकार : केन्द्र

केंद्र सरकार की ओर से अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने कानून का बचाव करते हुए कहा कि संसद को कानून बनाने का पूर्ण अधिकार है और इसे अदालत में केवल संभावित आशंकाओं के आधार पर रद्द नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के पहले के निर्देश अंतरिम व्यवस्था थे, जो संसद द्वारा बनाए गए कानून को बाधित नहीं कर सकते। उन्होंने तर्क दिया कि जब तक यह साबित न हो जाए कि चुनाव आयोग वास्तव में पक्षपाती है, तब तक कानून को असंवैधानिक नहीं ठहराया जा सकता।

### स्वतंत्र सदस्य क्यों नहीं जोड़ा गया?

कोर्ट ने स्पष्ट किया कि वह यह नहीं कह रहा कि चयन समिति में मुख्य न्यायाधीश को ही शामिल किया जाए, लेकिन सवाल यह जरूर है कि कोई भी स्वतंत्र सदस्य क्यों नहीं रखा गया। अन्य संस्थाओं में, जैसे जांच एजेंसियों के प्रमुखों की नियुक्ति में स्वतंत्र सदस्य शामिल होते हैं, तो चुनाव आयोग में ऐसा क्यों नहीं किया गया। पीठ ने यह भी स्पष्ट किया कि उसका काम नीति बनाना नहीं है, बल्कि यह देखना है कि क्या 2023 का कानून संविधान के अनुच्छेद 14 और 324 के अनुरूप है या नहीं। सुनवाई के दौरान इस मामले को संविधान पीठ (पांच जजों की बड़ी बेंच) को भेजने पर भी विचार हुआ, क्योंकि यह अनुच्छेद 14 और 324 की व्याख्या से जुड़ा महत्वपूर्ण संवैधानिक प्रश्न है।

## ट्रेजरी घोटाला : ईडी ने दर्ज की ईसीआईआर

**रांची।** झारखंड में वेतन मद में ट्रेजरी से हुई फर्जी निकासी के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने ईसीआईआर (प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट) दर्ज कर ली है। इस ईसीआईआर में रांची, हजारीबाग और बोकारो ट्रेजरी से हुई फर्जी निकासी के सिलसिले में दर्ज प्राथमिकी को शामिल किया गया है। इससे वेतन मद मे फर्जी निकासी करने के लिए कानूनी रूप से जिम्मेवार और गलत तरीके से पैसा निकालने के बाद वापस लौटाने वाले अधिकारियों (डीएसपी रैंक के कुछ अफसर) की परेशानियां बढ़ सकती है। पुलिस और एसआईटी की ओर से मामले की जांच के दौरान अब तक 12 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

उल्लेखनीय है कि प्रधान महालेखाकार (अकाउंटस) चंद्र मौली सिंह ने ट्रेजरी की जांच के दौरान पुलिस महकमे द्वारा वेतन मद में फर्जी निकासी करने की सूचना वित्त विभाग को भेजी थी। पहले भेजी गयी सूचना में सिर्फ बोकारो और हजारीबग ट्रेजरी से हुई फर्जी निकासी की सूचना दी गयी थी। इस सूचना के बाद राज्य सरकार ने जिला स्तर पर वेतन मद में की गयी निकासी की जांच का आदेश दिया। साथ ही उच्च स्तरीय जांच के लिए उत्पाद विभाग के प्रधान सचिव अमिताभ कौशल की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया। उच्चस्तरीय समिति की ओर से फिलहाल बोकारो ट्रेजरी से लिये गये दस्तावेज की जांच पड़ताल की जा रही है। सरकार ने उच्चस्तरीय समिति को सिर्फ दो ही जिले से हुई निकासी की जांच का आदेश दिया है। इस बीच प्रधान महालेखाकार ने सरकार को दूसरा पत्र भेज कर राज्य के कुल 12 ट्रेजरी से वेतन मद में हुई निकासी की सूचना दी है। साथ ही स्वास्थ्य और शिक्षा विभाग में भी फर्जी निकासी की आशंका जतायी है। इस सूचना के आधार पर वित्त विभाग ने संबंधित जिलों को जांच करने का आदेश दिया है। सरकार के आदेश पर वेतन मद में ट्रेजरी से हुई फर्जी निकासी के मामले में दर्ज प्राथमिकी की जांच के लिए एक एसआईटी का भी गठन किया है। जिला प्रशासन की ओर से दर्ज करायी गयी प्राथमिकी में अब तक 12 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। रांची में दर्ज प्राथमिकी के आलोक में पशुपालन विभाग के लेखपाल मुनिंद्र कुमार और उसके करीबी संजीव कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

**झारखंड हाई कोर्ट का फैसला**

## हिरासत में मौत-रेप मामलों में न्यायिक जांच अनिवार्य




**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय ने पुलिस हिरासत, जेल में मौत और रेप की घटनाओं में न्यायिक जांचको अनिवार्य कर दिया है। मुख्य न्यायाधीश एमएस सोनक और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ ने आदेश दिया कि अब ऐसे सभी मामलों में ज्यूडिशियल इंक्वायरी अनिवार्य होगी। पहले इन मामलों की जांच एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट से कराई जाती थी।

कोर्ट ने अपने आदेश में झारखंड लीगल सर्विस अथॉरिटी (झालसा) को जेल, पुलिस कस्टडी में मौत या रेप के मामले में नेशनल ह्यूमन राइट कमिशन नई दिल्ली ( एनएचआरसी) की गाइडलाइन के तहत स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी ) तैयार करने का निर्देश दिया है, ताकि ऐसे मौत और रेप के मामलों की जांच का कार्यान्वयन सही ढंग से हो।

खंडपीठ ने सरकार की ओर से दिए गए 250 ऐसे मामले जिनमें ज्यूडिशियल इंक्वायरी नहीं हुई है। उसमें जिला जज कारण बताते हुए उच्च न्यायालय को रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है। इसके अलावा कोर्ट ने सरकार को पुलिस, जेल कस्टडी में ऐसे मौत या रेप के मामले के संबंध में कई अन्य दिशा निर्देश भी दिए हैं। पूर्व में कोर्ट ने प्रार्थी एवं राज्य सरकार का पक्ष जानने के बाद सुनवाई पूरी करते हुए आदेश सुरक्षित रख लिया था। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता शादाब अंसारी ने पक्ष रखा था। उनकी ओर से कोर्ट के समक्ष लिखित बहस प्रस्तुत किया गया था। साथ ही उच्चतम न्यायालय के जजमेंट, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी), नई दिल्ली की ओर से जारी दिशा-निर्देश के अलावा बीएनएसएस का 196 सब सेक्शन (2) को भी कोर्ट को समर्पित समर्पित किया गया था।

उल्लेखनीय है कि मामले में पूर्व में गृह सचिव ने एक शपथ पत्र दाखिल किया था, जिसमें उन्होंने बताया था कि पुलिस कस्टडी एवं जेल कस्टडी में वर्ष 2018 से 2025 के बीच करीब 500 मौत हुई है, इनमें से करीब आधे में ज्यूडिशियल इंक्वायरी नहीं हुई है। इससे पहले कोर्ट ने गृह सचिव से स्पष्ट रूप से यह बताने को कहा था कि राज्य में हुई सभी हिरासत में मौत की घटनाओं में न्यायिक जांच कराई गई है या नहीं।

कोर्ट ने सरकार को यह भी निर्देश दिया था कि शपथ पत्र में यह जानकारी दी जाए कि न्यायिक जांच के दौरान राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, नई दिल्ली की ओर से जारी दिशा-निदेर्शों का पालन किया गया या नहीं।

उल्लेखनीय है कि प्रार्थी मोहम्मद मुमताज अंसारी ने राज्य में जेल या न्यायिक हिरासत में हुई मौत मामले की जांच करने का आदेश देने का आग्रह कोर्ट से किया है।

**जिनपिंग से वार्ता के बाद जिनपिंग बोले- अमेरिका व चीन के रिश्ते वैश्विक स्थिरता के लिए बेहद अहम**

# पहले से बेहतर होंगे अमेरिका-चीन के रिश्ते : ट्रंप

**बीजिंग।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच गुरुवार को बीजिंग में बहुप्रतीक्षित वार्ता हुई। दोनों नेताओं ने आपसी हित के द्विपक्षीय मुद्दों के साथ पश्चिम एशिया, यूक्रेन संकट और कोरियाई प्रायद्वीप समेत कई अंतरराष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका और चीन के रिश्ते पहले से बेहतर होने वाले हैं। जिनपिंग ने वैश्विक स्थिरता के लिए दोनों देशों के रिश्ते को महत्वपूर्ण बताया।

चीन की सरकारी संवाद समिति शिन्हुआ की रिपोर्ट के मुताबिक बीजिंग स्थित ग्रेट हॉल ऑफ द पीपल में करीब दो 2 घंटे तक चली इस वार्ता के दौरान जिनपिंग ने कहा कि दुनिया इस समय बड़े बदलावों के दौर से गुजर रही है और अमेरिका-चीन रिश्ते वैश्विक स्थिरता के लिए बेहद अहम हैं। दोनों देशों को प्रतिद्वंद्वी नहीं, बल्कि एक दूसरे का सहयोगी बनना चाहिए। बार-बार साबित हुआ है कि ट्रेड वॉर में कोई विजेता नहीं होता। जिनपिंग ने कहा कि वह ट्रंप के साथ मिलकर चीन-अमेरिका संबंधों को नई दिशा देना चाहते हैं ताकि वर्ष 2026 दोनों देशों के संबंधों में एक ऐतिहासिक और मील का पत्थर साबित हो। उन्होंने बताया कि दोनों नेताओं ने रणनीतिक स्थिरता पर आधारित रचनात्मक चीन-अमेरिका संबंध की नई अवधारणा पर सहमति जताई है। उनके अनुसार यह संबंध सहयोग, संतुलित प्रतिस्पर्धा, मतभेदों के प्रबंधन और शांति की प्रतिबद्धता पर आधारित होना चाहिए।



राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन की अपनी राजकीय यात्रा को सम्मान की बात बताते हुए जिनपिंग को महान नेता और चीन को महान देश बताया। ट्रंप ने कहा कि वह जिनपिंग के साथ संवाद और सहयोग को मजबूत करने, मतभेदों को सही तरीके से संभालने और द्विपक्षीय संबंधों को पहले से बेहतर बनाने के लिए तैयार हैं। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका और चीन के रिश्ते पहले से बेहतर होने वाले हैं। उन्होंने कहा कि वह दुनिया के सबसे बड़े कारोबारी नेताओं को अपने साथ लेकर चीन आए हैं। वार्ता के दौरान चीनी राष्ट्रपति ने दोनों देशों के आर्थिक संबंधों पर कहा कि चीन और अमेरिका के व्यापारिक संबंध पारस्परिक लाभ और जीत की भावना पर आधारित हैं। मतभेदों और विवादों के समाधान के लिए समानता के आधार पर बातचीत ही सही रास्ता है। जिनपिंग ने खुलासा किया कि बुधवार को हुई ताजा व्यापार वार्ता में दोनों देशों की आर्थिक और व्यापारिक टीमों ने संतुलित और सकारात्मक परिणाम हासिल किए हैं। उन्होंने इसे दोनों देशों और पूरी दुनिया के लिए अच्छी खबर बताया।

# झारखंड भाजपा की कोर कमेटी की बैठक में वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों पर चर्चा



रांची। भाजपा प्रदेश कार्यालय में पार्टी की कोर कमेटी की बैठक प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई। बैठक में संगठनात्मक एवं समसामयिक विषयों, राज्य सरकार के खिलाफ चल रहे आंदोलनात्मक कार्यक्रमों, आगामी कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक के बाद प्रदेश महामंत्री अमर कुमार बाउरी ने पत्रकारों को बैठक में उठाए गए विषयों और निर्णय के संबंध में जानकारी दी। बाउरी ने कहा कि बैठक में वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों पर चर्चा की गई। राज्य में नीचले स्तर पर भ्रष्टाचार फैला हुआ है। इसे लेकर भाजपा लगातार आंदोलन की रूपरेखा तैयार करती रही है। राज्य में जनसमस्याओं का अंबार लगा हुआ है। पूर्व में हुए नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर कार्यक्रम या पानी बिजली को लेकर जिलों में प्रदर्शन और अब किसानों से राज्य सरकार की वादाखिलाफी के मुद्दे पर भाजपा ने सभी प्रखंड मुख्यालय में धरना का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। धरना को सफल बनाने की रणनीति बनाई गई। साथ ही बैठक में प्रशिक्षण पर महाअभियान पर भी गहन चर्चा हुई। कोर कमेटी की बैठक में वरिष्ठ नेताओं के विचार और दिशा निर्देश को संग्रहित किया गया है। शुक्रवार को होने वाली प्रदेश पदाधिकारी की बैठक में तय किया जाएगा कि इन्हें नीचे स्तर तक कैसे क्रियान्वित किया जाए। यह सरकार सभी मोर्चे पर विफल है। जनजातीय वर्ग के उत्थान के लिए राज्य सरकार के पास कोई कार्ययोजना नहीं है। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू के अलावा नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, अर्जुन मुंडा, मधु कोड़ा, केंद्रीय मंत्री संजय सेठ, राज्यसभा सांसद सह पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, बिहार और झारखंड के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेन्द्र नाथ त्रिपाठी, झारखंड प्रदेश के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, एसटी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव, प्रदेश उपाध्यक्ष भानु प्रताप शाही, प्रदेश महामंत्री गणेश मिश्रा, अमर कुमार बाउरी एवं मनोज सिंह और अनंत ओझा भी उपस्थित थे।

## न्यूज अपडेट्स

### पीएलएफआई के नाम पर कारोबारी से 20 लाख रंगदारी की मांग

रांची। रांची के नामकुम थाना क्षेत्र के आयुष वेलनेस सेंटर संचालक से रंगदारी मांगने और धमकी देने का मामला गुरुवार को प्रकाश में आया है। पीड़ित कारोबारी संतोष कुमार ने थाना में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया है कि उनसे 20 लाख रुपये की रंगदारी मांगी गई है। रकम नहीं देने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई है। मिली जानकारी के अनुसार आरोपित ने व्हाट्सएप मैसेज के जरिए खुद को प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई )से जुड़ा बताते हुए संतोष कुमार पर जल्द रकम देने का दबाव बनाया। धमकी भरे संदेश मिलने के बाद कारोबारी और उनके परिवार में दहशत का माहौल है। थाना प्रभारी राम नारायण ने बताया कि मामले की सूचना मिलते ही पुलिस जांच में जुट गई है। पुलिस व्हाट्सएप नंबर और भेजे गए मैसेज की जांच पड़ताल कर रही है। आरोपित को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### मनरेगा मजदूरों की राष्ट्रव्यापी हड़ताल आज

रांची। वीबी-जी राम जी के लागू करने संबंधी केंद्र सरकार की अधिसूचना को झारखंड खेत और ग्रामीण मजदूर यूनियन ने आलोचना की है। वीबी-जी राम जी के विरोध मे यूनियन की ओर से 15 मई को मनरेगा मजदूर राष्ट्रव्यापी हड़ताल करेंगे। यह जानकारी गुरुवार को झारखंड खेत एवं ग्रामीण मजदूर यूनियन (जेकेजीएमयू) के नेता वीरेंद्र कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। विज्ञप्ति में उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास मंत्रालय ने विकसित भारत झ गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) वीबी-जी राम जी को लागू करने की तिथि की अधिसूचना जारी की है।

## राहत ▶ कांग्रेस नेताओं ने किया स्वागत

# जेल से बाहर आए पूर्व मंत्री आलमगीर आलम

रांची। टेंडर कमीशन घोटाला के आरोप में जेल में बंद पूर्व मंत्री आलमगीर आलम गुरुवार को जेल से बाहर आ गए। उच्चतम न्यायालय से उनकी जमानत याचिका मंजूर होने के बाद चौथे दिन पीएमएलए कोर्ट में न्यायिक प्रक्रिया पूरी होते ही वे जेल से बाहर निकले। रांची के बिरसा मुंडा कारा में बंद आलमगीर को लेने उनकी पत्नी सह विधायक निशात आलम और पोता पहुंचे थे। इससे पहले पीएमएलए की विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार की अदालत में उनके अधिवक्ता ने बेल बॉन्ड की राशि एक-एक लाख के दो निजी मुचलके को भरा था। इसके बाद अदालत ने आलमगीर आलम को नियमित जमानत दी। रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा से आलमगीर आलम के बाहर निकलने की खबर के बाद बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता जेल के बाहर जमा हो गए। यही स्थिति उनके



एचईसी स्थित सरकारी आवास के पास भी दिखी। पाकुड़ की विधायक और आलमगीर आलम की पत्नी निशात आलम, अपने पुत्र और पोते के साथ जेल पहुंचीं। जमानत पर रिहाई की सारी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आलमगीर आलम ने सबसे पहले अपने पोते को दुलारा, इस बीच उनके समर्थक नारा लगाते नजर आए। विधायक पत्नी निशात आलम के सरकारी आवास पर आलमगीर आलम के पहुंचते ही उनके समर्थकों में उनकी एक झलक पाने के लिए बेताबी दिखी। इस मौके पर मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, उज्जवल तिवारी सहित कई कांग्रेस नेताओं ने आलमगीर आलम से मुलाकात की।

कांग्रेस के प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा कि आलमगीर आलम की गिरफ्तारी एक राजनीतिक गिरफ्तारी थी और भाजपा के इशारे पर हुई थी। लेकिन सत्य की जीत हुई है। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही ईडी और केंद्र सरकार की पोल खुल गयी है। उनकी रिहाई से सिर्फ कांग्रेस कार्यकर्ता नहीं बल्कि आम जनमानस में भी खुशी है। वहीं पूर्व मंत्री आलमगीर आलम ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि कठिन समय में पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों ने उनको जो समर्थन-सहयोग दिया जिससे उनका मनोबल कभी नहीं टूटा। वह आज उन सभी लोगों का आभार प्रकट करते हैं। उन्होंने खुद को निर्दोष बताते हुए कहा कि न्यायिक प्रक्रिया पर उनका भरोसा है और वह कानून का सम्मान करते हैं। आलमगीर आलम ने अपने आगे की राजनीतिक प्लान को लेकर कहा कि उनकी तबीयत ठीक नहीं है, पहले कुछ दिन स्वास्थ्य लाभ करने के बाद आगे की बात मीडिया से साझा करेंगे।

उल्लेखनीय है कि करीब 02 साल से आलमगीर आलम जेल में बंद थे। ईडी ने उन्हें 15 मई 2024 को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी से पहले आलमगीर आलम के ओएसडी संजीव लाल और उनके नौकर सहित ठेकेदार और कट्रैक्टर के ठिकाने पर ईडी ने छह मई 2024 को छापेमारी की थी। छापेमारी में संजीव लाल के नौकर जहांगीर आलम के ठिकाने से 32 करोड़ से अधिक कैश, ठेकेदार मुन्ना सिंह के यहां से 2.93 करोड़ और कट्रैक्टर राजीव सिंह के ठिकाने से 2.14 करोड़ रुपए ईडी ने बरामद किया था।

## झामुमो प्रवक्ता के विवाह समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन गुरुवार को रांची के बोडेया स्थित ब्लेसिंग बैंक्वेट एंड रिसॉर्ट पहुंचे, जहां उन्होंने झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो )के प्रवक्ता धीरज दुबे और पोटका की अंचल अधिकारी (सीओ) निकिता बाला के विवाह बाद आयोजित आशीर्वाद समारोह में शिरकत की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने नवविवाहित दंपति को शुभकामनाएं देते हुए उनके सुखद, समृद्ध एवं मंगलमय दाम्पत्य जीवन की कामना की।



## नीट पेपर लीक मामले में नहीं हुई कार्रवाई तो होगा उग्र आंदोलन : एनएसयूआई

# नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा दें शिक्षा मंत्री

रांची। देशभर में नीट परीक्षा पेपर लीक मामले को लेकर बढ़ते विरोध के बीच राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) ने देश की शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े किया है। गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में एनएसयूआई के नेताओं ने कहा कि परीक्षा में हुई अनियमितताओं ने लाखों छात्रों और उनके परिवारों के भविष्य को संकट में डाल दिया है। मौके पर प्रदेश एनएसयूआई के अध्यक्ष विनय उरांव ने कहा कि नीट जैसी राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा में गड़बड़ी होना बेहद चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि देशभर के 22 लाख से अधिक परीक्षार्थी और उनके परिवार मानसिक तनाव से गुजर रहे हैं। उन्होंने कहा कि छात्र पढ़ाई करना चाहते हैं, लेकिन उन्हें अपने अधिकारों के लिए सड़कों पर उतरना पड़ रहा है। यह शिक्षा व्यवस्था की विफलता है। एनएसयूआई के नेताओं ने आरोप लगाया कि लगातार हो रहे पेपर लीक और परीक्षा अनियमितताओं ने युवाओं का भरोसा शिक्षा



प्रणाली से उठाना शुरू कर दिया है। संगठन ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देने की मांग की। एनएसयूआई ने मांग की कि पेपर लीक मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और परीक्षा प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी बनाया जाए। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो आने वाले दिनों में राज्यभर में उग्र आंदोलन किया जाएगा।

### एनीमिया उन्मूलन के लिए एएमबी टी-4 मोबाइल ऐप के क्रियान्वयन पर जोर

रांची। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) झारखंड के राज्य आईईसी कोषांग की ओर से गुरुवार को एनीमिया उन्मूलन के लिए विकसित एएमबी टी-4 मोबाइल ऐप के सफल क्रियान्वयन को लेकर नामकुम स्थित एनएचएम कार्यालय में ऑनलाइन बैठक हुई। बैठक में डॉ विजय रजक ने बताया कि एक महीने के भीतर राज्यभर में एएमबी टी-4 ऐप को इंस्टॉल कर पूरी तरह सक्रिय करने की योजना है। बैठक में ऐप की तकनीकी विशेषताओं, इसके विस्तार और स्वास्थ्य कार्यक्रमों के साथ एकीकरण पर चर्चा हुई। इस दौरान ऐप के ऑफलाइन मोड, रीयल-टाइम मॉनिटरिंग और गंभीर एनीमिया मामलों की ट्रैकिंग प्रणाली पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही ऐप को जैप आईटी के सर्वर पर माइग्रेट करने सहित अन्य स्वास्थ्य कार्यक्रमों से जोड़ने के प्रस्ताव पर भी विचार-विमर्श हुआ। इस दौरान बताया गया कि हाल ही में चंडीगढ़ में आयोजित 10 वें राष्ट्रीय स्वास्थ्य शिखर सम्मेलन में झारखंड के एएमबी टी-4 मोबाइल ऐप और एकीकृत शिशु देखभाल मॉडल को देश की सर्वश्रेष्ठ कार्यप्रणालियों में शामिल करते हुए सम्मानित किया गया था। बैठक में शिशु स्वास्थ्य कोषांग के राज्य नोडल पदाधिकारी डॉ विजय रजक, आईईसी के राज्य नोडल पदाधिकारी डॉ राहुल किशोर सिंह, जैप आईटी और भारत सरकार के आईईजी के वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे।

### जमानत मिल जाना निर्दोष होने का प्रमाण नहीं : बाबूलाल मरांडी

रांची। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने आलमगीर आलम को जमानत मिलने और इसपर कांग्रेसियों की ओर से मनाए जा रहे जश्न पर को लेकर कहा है कि यह केवल उम्र और बीमारी के आधार पर कड़ी शर्तों के साथ मिली अंतरिम राहत है, अंतिम फैसला नहीं। उन्होंने कहा है कि मनी लॉन्ड्रिंग और टेंडर कमीशन घोटाला मामले में जेल में बंद पूर्व मंत्री आलमगीर आलम को उच्चतम न्यायालय से राहत मिलने के बाद गुरुवार को बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा, होटवार से जमानत पर बाहर आने का मौका मिला। लेकिन इसे बाइज्जत बरी होना समझने की भूल कोई न करें। मरांडी ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि हैरानी की बात है कि उनके समर्थक और लाभार्थी जमानत पर ऐसे जश्न मना रहे हैं मानो कोई क्रांतिकारी आजादी की लड़ाई लड़कर लौटा हो। मिठाइयां बांटी जा रही है, पटाखे फोड़े जा रहे हैं, आतिशबाजी हो रही है। क्या करोड़ों रुपये की कथित काली कमाई, कमीशनखोरी और गरीबों के हिस्से पर डाका डालने के आरोप अब उत्सव मनाने लायक उपलब्धि बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि जिस मामले में मंत्री के निजी सचिव के घरेलू सहायक के घर से करीब 32.20 करोड़ नकद बरामद हुए हों, वहां जनता सवाल पूछेगी ही। आखिर एक घरेलू सहायक के घर में नोटों का पहाड़ कैसे खड़ा हो गया। नोट गिनने के लिए मशीनें मंगानी पड़ी थीं। पूरा देश टीवी पर वह दृश्य देख रहा था और झारखंड शर्म से सिर झुकाए खड़ा था। साथ ही मरांडी ने कहा कि याद रखिए, जमानत मिल जाना निर्दोष होने का प्रमाण नहीं होता। मुकदमा अभी बाकी है, अदालतें अभी बाकी हैं और कानून की प्रक्रिया अभी लंबी चलेगी। सत्ता, संपर्क और संसाधनों के दम पर कुछ समय की राहत तो मिल सकती है, लेकिन ऐसे मामलों का दाग आसानी से नहीं मिटता। अगर भरोसा न हो तो लालू प्रसाद यादव के राजनीतिक और कानूनी सफर को देख लीजिए। सत्ता गई, उम्र ढली, स्वास्थ्य बिगड़ा, लेकिन पुराने मामलों की परछाई आज भी पीछा नहीं छोड़ रही। भ्रष्टाचार के मामलों में अदालत की दस्तक देर से जरूर आती है, पर आती जरूर है।

### भाजपा को बदनाम करने वालों पर हो कार्रवाई : जेपी

रांची। भाजपा किसान मोर्चा झारखंड प्रदेश के नेता जेपी पांडेय ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की छवि खराब करने वाले नेताओं पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। जेपी पांडेय ने गुरुवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकास की ओर बढ़ रहा है। ऐसे में भाजपा की सकारात्मक छवि बनाए रखना सभी नेताओं की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि भाजपा की स्वच्छ छवि और बेहतर कार्यशैली के कारण ही जनता ने केंद्र और कई राज्यों में पार्टी को सत्ता सौंपी है, इसलिए संगठन विरोधी गतिविधियों में शामिल नेताओं को बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए। पांडेय ने कहा कि कुछ नेताओं की कथित गलत गतिविधियों और भ्रष्ट आचरण के कारण पार्टी की छवि प्रभावित हो रही है। उन्होंने भाजपा राष्ट्रीय नेतृत्व से ऐसे नेताओं को संगठन से बाहर करने की मांग की, ताकि भविष्य में कोई भी नेता पार्टी की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने का प्रयास न कर सके। उन्होंने नीट परीक्षा में कथित गड़बड़ियों और धांधली का मुद्दा उठाते हुए कहा कि इससे लाखों छात्रों का भविष्य प्रभावित हो रहा है।



# डालसा सचिव पहुंचे वात्सल्य धाम, बच्चों से मिलकर जाना हाल

बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** डालसा सचिव राकेश रंजन ने गुरुवार को सिंचाई विभाग परिसर में संचालित वात्सल्य धाम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आवासीत बच्चों से आत्मीय मुलाकात कर उनकी दिनचर्या, पढ़ाई, भोजन एवं अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। सचिव ने बच्चों से उनकी जरूरतों, रहन-सहन और स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा बच्चों को दिये जा रहे भोजन की गुणवत्ता, मेडिकल फर्स्ट एड की सुविधा तथा दैनिक देखभाल की स्थिति का भी जायजा लिया। उन्होंने वात्सल्य धाम के बेड कक्ष, पाकशाला, स्टोर रूम एवं प्रसाधन कक्ष का निरीक्षण कर साफ-सफाई और व्यवस्था पर संतोष जताया। वहीं संबंधित कर्मियों को नियमित रूप से स्वच्छता बनाये रखने का निर्देश दिया। सचिव राकेश रंजन ने वार्डन एवं काउंसलर को बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिये नियमित योग, खेलकूद और मनोरंजक गतिविधियां कराने का निर्देश देते हुये कहा कि स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन से ही बच्चों का समग्र विकास संभव है। निरीक्षण के दौरान वार्डन द्वारा बताया गया कि वर्तमान में वात्सल्य धाम में 18 बच्चे रह रहे हैं तथा निर्धारित मेनू के अनुसार उन्हें पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। इस पर सचिव ने बच्चों के भोजन, स्वास्थ्य और रहने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने विजिटर रजिस्टर सहित अन्य अभिलेखों की भी जांच की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। मौके पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल के डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय, असिस्टेंट वीर विक्रम वक्स राय, पीएलवी विनय प्रसाद, वार्डन शिलवी शालिनी, राकेश कुमार, सीमा कुमारी, अमरजीत कुमार एवं रेखा कुमारी आदि उपस्थित थे।

## न्यूज अपडेट्स

### पेड़ गिरने से बाईक सवार दो युवकों की दर्दनाक मौत

**हुसैनाबाद :** तेज आंधी-तूफान के कारण कई जगह पेड़ गिर गये। इस कारण यातायात, बिजली, पेयजल सुविधाएं दूसरे दिन भी सामान्य नहीं हो सका। हैदरनगर हाईस्कूल-शिवालय रोड स्थित मरघटिया के पास सड़क किनारे विशाल पीपल का पेड़ गिरने से दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतकों की पहचान बिहार के औरंगाबाद जिले के बड़ेम थाना क्षेत्र अंतर्गत तिवारीडीह निवासी 50 वर्षीय कामदेव चंद्रवंशी तथा रामबांध धोबियाडीह टोला निवासी 45 वर्षीय अनिल चंद्रवंशी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार कामदेव चंद्रवंशी एक शादी समारोह में शामिल होने हैदरनगर के रामबांध टोला स्थित अपने रिश्तेदार के घर आये हुये थे। इसी दौरान उनकी तबीयत खराब हो गई, जिसके बाद अनिल चंद्रवंशी उन्हें बाइक से इलाज कराने हैदरनगर ले गये थे। इलाज के बाद दोनों वापस घर लौट रहे थे। इसी बीच तेज आंधी और बारिश के दौरान मरघटिया रोड पर अचानक एक विशाल पीपल का पेड़ उनकी बाईक पर गिर पड़ा। हादसा इतना भयावह था कि दोनों गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। घटना के बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू किया। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को निजी वाहन से अनुमंडल अस्पताल हुसैनाबाद पहुंचाया गया। अस्पताल में चिकित्सकों ने कामदेव चंद्रवंशी को मृत घोषित कर दिया। जबकि गंभीर रूप से घायल अनिल चंद्रवंशी की हालत नाजुक देखते हुये उन्हें बेहतर इलाज के लिये मेदिनीनगर स्थित एमएमसीएच रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी भी मौत हो गई। इस हादसे में एक अन्य बाईक सवार भी गंभीर रूप से घायल हुआ है, जिसका इलाज अस्पताल में चल रहा है। उधर तेज तूफान का असर रेलवे परिचालन पर भी पड़ा।

**विरोध** पार्क के साथ बाबा साहब का कद घटाने की साजिश : त्रिपाठी

# योगा सेंटर जरूरी, पर अन्य स्थल भी विकसित हों : नम्रता

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर :** डॉ भीमराव अंबेडकर पार्क में बनाये जा रहे योगा सेंटर को लेकर विरोध तेज हो गया है। अनुसूचित जाति, जनजाति समेत विभिन्न सामाजिक संगठनों ने पार्क परिसर में हो रहे निर्माण कार्य पर आपत्ति जताते हुये इसे अविलंब बंद कराने की मांग जिला प्रशासन से की है। इसी क्रम में राज्य के पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी एवं नगर निगम की पूर्व महापौर प्रत्याशी नम्रता त्रिपाठी ने अंबेडकर पार्क पहुंचकर निर्माण स्थल का निरीक्षण किया और लोगों की भावनाओं से जुड़े मुद्दों को उठाया। केएन त्रिपाठी ने कहा कि महात्मा गांधी समेत अन्य महापुरुषों की तरह बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर का भी देश में विशेष स्थान है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार दिल्ली में महापुरुषों के स्मारकों और स्थलों को सम्मानपूर्वक विकसित किया गया है, उसी तरह पलामू में भी अंबेडकर पार्क को संरक्षित रखा जाना चाहिये। उन्होंने आरोप लगाया कि सौंदर्यीकरण के नाम पर अंबेडकर पार्क को छोटा किया जा रहा है और बाबा साहब के कद को सीमित करने की कोशिश हो रही है। उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन को योगा सेंटर बनाना ही है तो निगम क्षेत्र में कई अन्य स्थान उपलब्ध हैं, फिर अंबेडकर पार्क का ही चयन क्यों किया गया। नम्रता त्रिपाठी ने कहा कि योगा सेंटर और स्वास्थ्य केंद्र जनहित में आवश्यक हैं तथा ऐसे केंद्रों का निर्माण होना चाहिये। लेकिन प्रशासन को स्थल चयन करते समय जनभावनाओं का विशेष ध्यान रखना चाहिये। उन्होंने कहा कि अंबेडकर पार्क केवल जयंती और पुण्यतिथि तक सीमित स्थल नहीं है, बल्कि यह लोगों की अभिव्यक्ति और सामाजिक चेतना का केंद्र भी है। उन्होंने कहा कि संविधान निमार्ता बाबा साहब के सम्मान से किसी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिये। नम्रता त्रिपाठी ने एक सवाल के जवाब में कहा कि अंबेडकर पार्क के सौंदर्यीकरण के नाम पर जलस्त्रोतों का अतिक्रमण किया गया है। उन्होंने जिला प्रशासन से निगम क्षेत्र के सभी जलस्त्रोतों को अतिक्रमणमुक्त कराने की मांग की। मौके पर शत्रुघ्न कुमार शत्रु, विश्वनाथ राम घुरा, कांग्रेस जिला महासचिव धनंजय पाठक, जिशान खान, बबलू दूबे सहित कई लोग मौजूद थे।

# लातेहार डीसी ने आयुक्त से की मुलाकात



**मेदिनीनगर :** लातेहार के डीसी संदीप कुमार, एसडीओ अजय रजक एवं पलामू के एसी कुन्दन कुमार ने गुरुवार को आयुक्त कुमुद सहाय से शिष्टाचार मुलाकात की। डीसी ने आयुक्त को गुलदस्ता भेंट कर अभिवादन किया। सौहार्दपूर्ण वातावरण में इस मुलाकात के दौरान प्रशासनिक कार्यों, विकास योजनाओं एवं जिले की वर्तमान स्थिति को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। डीसी ने लातेहार जिले में चल रहे विकास कार्यों, राजस्व प्रशासन, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, ग्रामीण विकास तथा कानून-व्यवस्था से संबंधित महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिये प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रहा है। इस पर एसडीओ ने अनुमंडल क्षेत्र में चल रहे प्रशासनिक एवं जनहित कार्यों की जानकारी दी। वहीं एसी पलामू कुन्दन कुमार ने क्षेत्रीय प्रशासनिक गतिविधियों एवं समन्वयात्मक कार्यों पर चर्चा की। आयुक्त ने जिले में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं, जनकल्याणकारी कार्यक्रमों एवं प्रशासनिक गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अधिकारियों को आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिये आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

## 6 किलो गांजा के साथ मधेया गांव के चार तस्कर गिरफ्तार

# छापामारी में 72 हजार 597 रुपये नगद बरामद

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** पुलिस ने गांजा खरीद बिक्री करने के मामले में 6 किलो गांजा के साथ चार लोगों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। साथ ही गिरफ्तार लोगों के पास से 72 हजार 597 रुपये नगद भी बरामद किया है। गिरफ्तार लोगों में गढ़वा थाना क्षेत्र के हुर मधेया गांव निवासी ललू चौधरी का पुत्र चंद्र देव चौधरी, सुकन चौधरी का पुत्र राजकुमार चौधरी एवं रंका थाना क्षेत्र के सलेया गांव निवासी गोपाल प्रसाद का पुत्र मनोज प्रसाद एवं मनोज प्रसाद का पुत्र प्रकाश प्रसाद के नाम शामिल हैं। इसकी जानकारी एसडीपीओ नीरज कुमार ने प्रेसवार्ता कर दी। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि गढ़वा थाना क्षेत्र के हुर मधेया में किराना दुकान में अवैध रूप से गांजा का खरीद बिक्री किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक के द्वारा एसडीपीओ नीरज कुमार के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया। इसके बाद छापामारी दल के द्वारा हुर मधेया में चन्द्रदेव चौधरी एवं राजकुमार चौधरी के घर पर स्थित किराना दुकान में छापामारी की गई। छापेमारी के दौरान चन्द्रदेव चौधरी एवं राजकुमार चौधरी के किराना दुकान से लगभग 4 किलोग्राम गांजा सहित 72 हजार 597 रुपए नगद बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान चन्द्रदेव चौधरी व राजकुमार चौधरी द्वारा बताया गया कि रंका के मनोज कुमार और उसका बेटा प्रकाश कुमार से वे लोग गांजा खरीदकर बेचते हैं। इसके बाद पुलिस ने रंका थाना अंतर्गत सलेया गांव पहुंचकर मनोज कुमार के घर पर छापामारी की गई। छापेमारी के दौरान 2 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। एसडीपीओ ने बताया कि मनोज कुमार एवं उसका पुत्र प्रकाश कुमार के द्वारा गांजा की सप्लाई किये जाने की पुष्टि होने पर दोनों पिता पुत्र को गिरफतार किया गया है। उन्होंने बताया कि इस मामले में गढ़वा थाना में प्राथमिकी दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि छापामारी दल में उनके अलावे डीएसपी चिरंजीव मंडल, थाना प्रभारी सुनील कुमार तिवारी, पुलिस अवर निरीक्षक आदित्य कुमार नायक, प्रदीप उरांव, प्रदीप यादव, सुबोध बड़ाईक सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### मुखिया धर्मेन्द्र चौधरी ने पीसीसी पथ का किया शिलान्यास



**विश्रामपुर :** प्रखंड के लालगढ़ ग्राम पंचायत के पंजरी खुर्द में चंद्रदेव पाठक के घर से नवल पाठक के घर तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास गुरुवार को किया गया। शिलान्यास मुखिया धर्मेंद्र चौधरी ने किया। मुखिया ने कहा कि 15वें वित्त आयोग मद से चंद्रदेव पाठक के घर से नवल पाठक के घर तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य कराया जाना है। उन्होंने कहा कि सड़क ही विकास का असली पैमाना होता है। हमारा प्रयास है कि लालगढ़ पंचायत का हर गली-नली व पथ पक्के का हो। मौके पर कई लोग मौजूद थे।

### मटकोड़वा कर लौट रही महिलाओं के साथ समुदाय विशेष के लोगों ने की मारपीट

**रेहला :** थाना क्षेत्र के झगरुआ गांव में बुधवार की देर रात हिन्दू रीति रिवाज के तहत मटकोड़वा कर लौट रही महिलाओं के साथ मारपीट कर दुर्व्यवहार करने व लूटपाट करने का मामला प्रकाश में आया है। वादिनी जाउत्तरी देवी ने थाना में आवेदन देकर 11 लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज कराई है। थाना प्रभारी गुलशन बिरुआ ने बताया कि 11 लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी गई है। जाउत्तरी देवी ने अपने आवेदन में उल्लेख किया है कि हिन्दू रीति रिवाज के तहत वह अपने परिजनों के साथ मटकोड़वा कर लौट रही थी, उसी दौरान गांव के ही राजू अंसारी उर्फ वसीम अंसारी, आसिफ अंसारी, राजा अंसारी, शमशाद अंसारी, महबूब अंसारी, अनवर अंसारी, गुलाम मुस्तफा, मुजाहिद अंसारी, शाहिद अंसारी व मजलूम बीबी ने उनपर हमला कर मारपीट व गाली गलौज करने लगे व उनके गले का सोने का चेन भी छीन लिया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच मामले को किसी तरह नियंत्रण में किया। थाना प्रभारी गुलशन बिरुआ ने बताया कि वादिनी के आवेदन के आलोक में 11 लोगों के विरुद्ध बीएनएस की विभिन्न सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। हालांकि अभी तक इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है।

### कुएं में गिरने से महिला की हुई मौत, आत्महत्या की आशंका

**रेहला :** थाना क्षेत्र के मुरमा काला गांव में एक महिला की कुएं में गिरने से मौत हो गई। मृतका की पहचान अजय राम की पत्नी राधिका देवी के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार मामला आत्महत्या का बताया जा रहा है। जबकि परिजनों ने पुलिस को आवेदन देकर मृतका को मानसिक रूप से अस्वस्थ (विक्षिप्त) बताते हुये पोस्टमार्टम नहीं कराने का अनुरोध किया है। थाना प्रभारी गुलशन बिरुआ ने बताया कि पुलिस को महिला की मौत की सूचना मिली थी और शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजने की तैयारी की जा रही थी। लेकिन परिजन एवं गांव के कुछ राजनीतिक दलों से जुड़े लोगों ने पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया। उधर इस घटना को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

### 6.3 करोड़ गबन मामले में बड़ी राहत, हाइकोर्ट से आरोपी मनोज सिंह को बेल

**हुसैनाबाद :** पलामू जिले के बहुचर्चित 6.3 करोड़ रुपये गबन मामले में आरोपी मनोज कुमार सिंह को झारखंड हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने मामले की सुनवाई के बाद आरोपी को सशर्त जमानत प्रदान कर दी है। इस फैसले के बाद एक बार फिर यह मामला सुर्खियों में आ गया है। जानकारी के अनुसार मनोज कुमार सिंह पूर्व में झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक (जेएसजीबी) की दंगवार शाखा हुसैनाबाद में कार्यरत थे। उन पर करोड़ों रुपये की वित्तीय अनियमितता और गबन का गंभीर आरोप लगा था। मामला उजागर होने के बाद जांच एजेंसियों ने कार्रवाई करते हुये उन्हें गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। बताया जाता है कि आरोपी पिछले करीब छह माह से जेल में बंद था। इससे पहले उसकी जमानत याचिका निचली अदालत से खारिज हो चुकी थी। इसके बाद आरोपी ने झारखंड हाईकोर्ट में जमानत के लिये याचिका दायर की थी। हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने सशर्त जमानत मंजूर कर ली। आरोपी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता ने पक्ष रखा। हालांकि मामले की जांच और सुनवाई अभी जारी है। इधर हाईकोर्ट के फैसले के बाद इलाके में इस मामले को लेकर चचाओं का दौर तेज हो गया है। लोगों की नजर अब आगे की जांच प्रक्रिया और अदालत की आगामी सुनवाई पर टिकी हुई है।



## बीडीओ की समीक्षा बैठक, आवास योजनाओं की प्रगति पर सख्ती

बंशीधर न्यूज

**कांडी :** बीडीओ राकेश सहाय के चेंबर में सभी मुखिया एवं पंचायत सचिवों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से अबुआ आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा 15 वें वित्त आयोग की योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान कई मुखिया और पंचायत सचिवों ने बताया कि क्षेत्र में कुछ ऐसे लाभुक हैं, जिन्हें आवास निर्माण के लिये सरकारी राशि उपलब्ध कराई गई है, लेकिन वे निर्माण कार्य में रुचि नहीं ले रहे हैं। ऐसे लाभुकों को दो-दो बार नोटिस जारी किये जाने के बावजूद भी स्थिति में सुधार नहीं हुआ है। इस पर अधिकारियों ने कड़ा रुख अपनाते हुये निर्देश दिया कि ऐसे मामलों में सरकारी राशि की तत्काल वसूली की जाय तथा गबन की स्थिति में संबंधित लाभुकों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की जाय। बैठक में मुखियाओं ने क्षेत्र की सबसे बड़ी समस्या बालू की कमी को भी प्रमुखता से उठाया। उन्होंने बताया कि पिछले लगभग दो माह से बालू उठाव बंद रहने के कारण आवास निर्माण कार्य पूरी तरह ठप पड़ा है। इससे अबुआ आवास और प्रधानमंत्री आवास जैसी योजनाओं के क्रियान्वयन में गंभीर बाधा उत्पन्न हो रही है। मुखिया संघ ने प्रशासन से बालू की वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित कराने की मांग की, ताकि गरीब लाभुकों के मकान समय पर पूरे हो सकें। 15 वें वित्त आयोग की योजनाओं की समीक्षा के दौरान बीडीओ ने निर्देश दिया कि जिन योजनाओं की प्रथम किस्त जारी हो चुकी है, उन सभी कार्यस्थलों पर योजना बोर्ड अनिवार्य रूप से लगाया जाय। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी गई कि निरीक्षण के दौरान यदि किसी स्थल पर योजना बोर्ड नहीं पाया गया, तो संबंधित पंचायत सचिव और मुखिया के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जायेगी। बैठक में पेयजल संकट पर भी गंभीर चर्चा हुई। अधिकारियों ने सभी मुखिया एवं पंचायत सचिवों को निर्देश दिया कि 15 वें वित्त आयोग की राशि से क्षेत्र के खराब पड़े पीएचईडी जलमीनारों की मरम्मत कराई जाय, ताकि भीषण गर्मी में ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके।

### न्यूज अपडेट्स

## साढ़े चार साल की बच्ची से बुजुर्ग ने किया कुकर्म, ग्रामीणों ने किया पुलिस के हवाले

**हरिहरगंज :** हरिहरगंज थाना क्षेत्र में एक साढ़े चार वर्ष की बच्ची के साथ 68 वर्षीय बुजुर्ग ने दुष्कर्म किया है। इतना ही नहीं उक्त बुजुर्ग ने गुरुवार को भी बच्ची के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया लेकिन बच्ची की मां द्वारा शोर मचाने के बाद आसपास के लोग मौके पर जुटे और बुजुर्ग को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। इस दौरान यह भी खुलासा हुआ कि बुजुर्ग ने 30 अप्रैल को उक्त बच्ची के साथ दुष्कर्म किया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद हरिहरगंज थाने की पुलिस मौके पर पहुंचकर आरोपी बुजुर्ग को गिरफ्तार कर लिया है। इधर घटना से नाराज ग्रामीणों ने एनएच-139 को भी कुछ देर के लिये जाम कर दिया। हरिहरगंज थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार के समझाने के बाद लोगों ने रोड जाम को हटाया। थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने घटना की पुष्टि करते हुये बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है तथा पुलिस पूरे मामले में आगे की छानबीन कर रही है। जानकारी के अनुसार आरोपी बिदिया साव और बच्ची का घर आसपास में है। 30 अप्रैल को आरोपी ने बच्ची को टॉफी देने के बहाने बुलाया था और अपने घर में दुष्कर्म किया। गुरुवार को भी बुजुर्ग बच्ची को टॉफी देने के बहाने अपने घर बुला रहा था लेकिन बच्ची सहम गई और मां के पास चली गई। इसके बाद बच्ची ने मां को पूरी कहानी बताई। बच्ची की मां के शोर मचाने के बाद ग्रामीण जमा हुये और बुजुर्ग को पकड़ लिया।

### पेयजल ▶ मेराल में जल संकट पर कार्रवाई

# जिला परिषद टैंकर से पहुंचाया गया पेयजल

बंशीधर न्यूज



**मेराल :** प्रखंड मुख्यालय से करीब दो किलोमीटर दूर बंडा पहाड़ की तलहटी और रेलवे लाईन के बीच बसे संजयपुर टोला में रहने वाले घांसी परिवारों की पेयजल समस्या सोशल मीडिया के जरिये मुख्यमंत्री तक पहुंच गई। मामला संज्ञान में आते ही जिला प्रशासन सक्रिय हो गया और देर रात तक प्रभावित परिवारों तक पानी पहुंचाया गया। जानकारी के अनुसार संजयपुर टोला में मुसहर परिवारों के लिये दर्जनों कॉलोनी बनाई गई है। उसके समीप फॉरेस्ट एरिया में 10 से 12 घांसी परिवार झोपड़ी बनाकर अस्थायी रूप से रह रहे हैं। पहले ये परिवार संजयपुर टोला में लगे चापानल और जलमीनार से पानी लेते थे, लेकिन आपसी विवाद और रंजिश के कारण वहां से पानी लेना बंद हो गया। इसके बाद घांसी परिवार पहाड़ की तलहटी में पत्थरों के बीच से निकलने वाले पानी पर निर्भर हो गये। गर्मी बढ़ने के साथ जलस्त्रोत सूखने लगे तो परिवारों को चुआंड़ी से निकलने वाले पानी से किसी तरह खाना-पीना और दैनिक कार्य करना पड़ रहा था। इस समस्या का वीडियो और सूचना सोशल मीडिया पर वायरल हुई, जिसके बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने फेसबुक अकाउंट से डीसी गढ़वा को टैग करते हुये तत्काल मदद पहुंचाने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद जिला प्रशासन हरकत में आ गया। देर शाम तक अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंची और रात करीब 10 बजे जिला परिषद के टैंकर से प्रभावित परिवारों तक पेयजल पहुंचाया गया। गुरुवार सुबह पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सहायक अभियंता और कनीय अभियंता भी संजयपुर पहुंचे तथा घांसी परिवारों से बातचीत की। अधिकारियों ने बताया कि करीब 100 मीटर की दूरी पर पहले से चापानल और जलमीनार उपलब्ध है, जहां से पानी लिया जा सकता है। हालांकि घांसी परिवारों का कहना है कि दूसरे टोले में पानी लेने जाने पर विवाद की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। परिवारों ने प्रशासन से मांग की कि उनकी झोपड़ियों के बीच एक नया चापानल लगाया जाय, ताकि उन्हें परेशानी न हो। इस संबंध में विभागीय सहायक अभियंता ने कहा कि पांच-दस घरों के लिये अलग से चापानल देना विभागीय नियमों के तहत आसान नहीं है। वहीं मेराल पूर्वी के मुखिया रामसागर महतो ने बताया कि फॉरेस्ट एरिया में बसे होने के कारण अब तक वहां चापानल नहीं लग पाया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के संज्ञान में मामला आने के बाद अब वहां पेयजल व्यवस्था को लेकर कवायद तेज हो गई है।

## मेदिनीनगर शहर को मिली बड़ी सौगात, घर-घर पहुंचेगी पाईपलाईन से रसोई गैस



**मेदिनीनगर :** मेदिनीनगर शहरवासियों, खासकर महिलाओं के लिये बड़ी राहत और सुविधा की दिशा में नगर निगम बोर्ड की चौथी बैठक में अहम फैसला लिया गया। बैठक में भारत पेट्रोलियम को शहर में कुकिंग गैस पाईपलाईन बिछाने को लेकर एनओसी (अनापत्ति प्रमाणपत्र) प्रदान कर दी गई। इस निर्णय के बाद अब शहर में पाईपलाईन गैस योजना का रास्ता साफ हो गया है। जानकारी के अनुसार योजना के तहत सबसे पहले रेड़मा, बारालोटा और बैरिया क्षेत्र में पाईपलाईन बिछाने का कार्य शुरू किया जायेगा। पाईपलाईन के जरिये सीधे घरों तक रसोई गैस पहुंचने से लोगों को सिलेंडर की झंझट और बार-बार बुकिंग की परेशानी से राहत मिलेगी। वहीं महिलाओं को भी काफी सुविधा होगी। नगर निगम बोर्ड के इस फैसले को शहर के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। पाईपलाईन गैस योजना लागू होने से शहर आधुनिक सुविधाओं से जुड़ने की ओर तेजी से आगे बढ़ेगा। साथ ही सुरक्षित और सुगम गैस आपूर्ति व्यवस्था से लोगों के जीवन स्तर में भी सुधार आने की उम्मीद है।

## मेराल के संगबरिया से गायब शुभम सकुशल घर लौटा, गांव में खुशी



**मेराल :** थाना क्षेत्र के संगबरिया निवासी दिलीप साह का 13 वर्षीय गुमशुदा पुत्र शुभम तीसरा दिन सकुशल अपने घर लौट आया है। शुभम के घर वापस लौटने की खबर मिलते ही परिवार सहित पूरे गांव में खुशी का माहौल बन गया। गांव के लोगों ने एक-दूसरे को बधाई देते हुये परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं और प्रसन्नता व्यक्त की। इस संबंध में जानकारी देते हुये पूर्व जिला परिषद सदस्य सह किस्मती कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड फामेर्सी के सचिव वीरेंद्र साह ने बताया कि शुभम के सकुशल घर लौटने से परिवार के लोगों ने राहत की सांस ली है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले इसकी सूचना थाना प्रभारी को दी गई इसके बाद उसे घर ले गये। शुभम के घर वापसी पर गांव के लोग भी काफी खुश हैं। उन्होंने बताया पिता की डांट से नाराज होकर शुभम मंगलवार को स्कूल ड्रेस में स्कूल जाने के लिये घर से निकला था। किसी को बिना बताये वह मेराल रेलवे स्टेशन से ट्रेन पकड़कर डालटनगंज चला गया, जहां से बाद में डेहरी ऑनसोन पहुंचा। दो दिनों तक वहीं रहने के दौरान उसने अपने खाते से 500 रुपये निकालकर खाना नाश्ता किया। पैसा खत्म होने के बाद गुरुवार की सुबह ट्रेन से गढ़वा रोड पहुंचा और वहां से टेम्पो के जरिये मेराल पहुंचा। शुभम के घर से लापता होने के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। परिजनों और ग्रामीणों ने लगातार उसकी तलाश की और सकुशल वापसी की दुआ की। शुभम के लौटने के बाद परिवार में फिर से खुशियां लौट आई हैं।

## 3200 रु एमएसपी वादे पर सरकार फेल, किसानों को ठगा गया : रामलाला दुबे

बंशीधर न्यूज

**कांडी :** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य रामलाला दुबे ने राज्य सरकार पर किसानों और युवाओं की अनदेखी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि किसानों से बड़े-बड़े वादे कर सत्ता में आई हेमंत सरकार आज किसानों को ठगने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में ओलावृष्टि और अतिवृष्टि से किसानों की फसल को भारी नुकसान हुआ, लेकिन अब तक प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा नहीं मिल पाया है। साथ ही धान खरीद के भुगतान में भी सरकार पूरी तरह विफल साबित हो रही है, जिससे किसान खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। रामलाला दुबे ने कहा कि सरकार ने चुनाव के समय किसानों से 3200 रुपये एमएसपी पर धान



खरीदने का वादा किया था, लेकिन आज तक यह वादा अधूरा है। उन्होंने आरोप लगाया कि युवाओं को रोजगार, किसानों को राहत, महिलाओं को सुरक्षा तथा हर घर तक बिजली-पानी पहुंचाने जैसे कई वादे भी सिर्फ घोषणाओं तक सीमित रह गये हैं। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों को सपने दिखाकर सत्ता में आई, लेकिन अब उनके साथ छलावा कर रही है। साथ ही उन्होंने राज्य सरकार पर युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सरकार राज्य से हिंदी, मगही और अंगिका भाषाओं के अस्तित्व को खत्म करने का प्रयास कर रही है, जिससे लाखों छात्रों और युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है। यदि सरकार अपने फैसले वापस नहीं लेती है, तो भाजपा कार्यकर्ता युवाओं के साथ सड़क पर उतरकर आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

### विश्रामपुर : टीएनए के माध्यम से शिक्षकों की शैक्षणिक आवश्यकता और दक्षता स्तर का आकलन

# तीन दिवसीय टीएनए कार्यक्रम में 368 शिक्षक शामिल

बंशीधर न्यूज

**विश्रामपुर :** प्रखंड में शिक्षकों के व्यावसायिक दक्षता विकास एवं नई शिक्षा नीति के अनुरूप क्षमता निर्माण को लेकर आयोजित तीन दिवसीय टीचर नीड्स असेसमेंट कार्यक्रम संपन्न हो गया। यह ऑनलाईन मूल्यांकन कार्यक्रम 12, 13 एवं 14 मई को प्लस टू जेबी हाईस्कूल, रेहला स्थित परीक्षा केंद्र पर आयोजित किया गया, जिसमें प्रखंड के प्राथमिक, मध्य एवं



उच्च विद्यालयों के कुल 368 शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के प्रथम दिन दोनों पालियों में कुल 116 शिक्षक उपस्थित रहे। जबकि दूसरे दिन 112 शिक्षकों ने परीक्षा दी। अंतिम दिन शेष शिक्षकों ने परीक्षा में भाग लेकर मूल्यांकन प्रक्रिया को पूर्ण किया। तीन दिनों तक चले इस कार्यक्रम में सभी सरकारी विद्यालयों के शिक्षकों की सहभागिता सुनिश्चित की गई। अंतिम दिन प्रथम पाली के दौरान जिला स्तर से पहुंचे एपीओ मनोज कुमार मिश्रा ने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने शिक्षकों के आई कार्ड का सत्यापन करते हुये परीक्षा संचालन व्यवस्था का जायजा लिया और पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिये। शिक्षा विभाग के अधिकारियों के अनुसार टीएनए के माध्यम से शिक्षकों की शैक्षणिक आवश्यकता और दक्षता स्तर का आकलन किया जाता है। इसी आधार पर शिक्षकों को विभिन्न कोहोर्ट में वर्गीकृत कर नई शिक्षा नीति के अनुरूप 50 घंटे का कंटीन्यूअस प्रोफेशनल डेवलपमेंट प्रशिक्षण दिया जाता है, जो ऑनलाईन एवं ऑफलाईन दोनों माध्यमों से संचालित होता है। पूरी परीक्षा प्रक्रिया डिजिटल माध्यम से संपन्न हुई। शिक्षकों को ई-विद्यावाहिनी पोर्टल के माध्यम से पूर्व निर्धारित शेड्यूल उपलब्ध कराया गया था, जबकि व्हाट्सएप, ई-मेल एवं सेंटा एप के जरिये भी सूचना दी गई थी। परीक्षा में शिक्षकों ने अपने पंजीकृत मोबाईल या टैबलेट के माध्यम से निर्धारित सेंटर कोड से भाग लिया। दो घंटे की ऑनलाईन परीक्षा में कुल 60 प्रश्न पूछे गये, जो 120 अंकों के थे। पूर्व टीएनए के आधार पर राज्यभर के शिक्षकों को चार कोहोर्ट में विभाजित कर विषयवार प्रशिक्षण मॉड्यूल तैयार किया गया है, जिसे जे गुरुजी प्लेटफॉर्म के माध्यम से लागू किया जा रहा है। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिये बीआरसी स्तर पर विशेष टीम गठित की गई थी। इसमें बीपीएम के नेतृत्व में बीआरपी मनोज पाठक एवं तकनीकी सहयोगी नीरज कुमार पांडे की भूमिका अहम रही। इसी दौरान जनगणना 2027 को लेकर भी शिक्षकों को जागरूक किया गया और 15 मई से पूर्व स्वगणना पूरा करने का निर्देश दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि टीएनए एवं सीपीडी आधारित यह व्यवस्था विद्यालयी शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# पश्चिम बंगाल से जुड़े नेपाल की सीमा पर हाईअलर्ट, बांग्लादेशी, रोहिंग्या के प्रवेश पर रोक





## फिल्म 'करुप्पु' की रिलीज में हुई देरी से प्रशंसक गुस्से में

साउथ भारतीय सुपरस्टार सूर्या की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'करुप्पु' की रिलीज में हुई देरी ने प्रशंसकों के उत्साह को गुस्से में बदल दिया। पुडुचेरी के कई सिनेमाघरों में फिल्म के शो समय पर शुरू नहीं होने से नाराज फैंस ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। माना जा रहा था कि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर करीब 25 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड ओपनिंग कर सकती है, लेकिन तकनीकी देरी और शो टलने से यह मुश्किल नजर आ रहा है। इससे फैंस में भारी नाराजगी देखने को मिली। फिल्म की रिलीज का जश्न मनाने पहुंचे प्रशंसकों ने 'करुप्पु' नाम वाली कस्टमाइज्ड टी-शर्ट पहनी थीं और पटाखे, ढोल-नगाड़े व कंफेद्दी के साथ थिएटर पहुंचे थे। फैंस ने सूर्या के पोस्टरों को माला पहनाने और दूध से नहलाने की भी तैयारी कर रखी थी। आरजे बालाजी के निर्देशन में बनी इस फिल्म में तृषा कृष्णन भी मुख्य भूमिका में हैं। हालांकि, शो रद्द होने की सूचना मिलते ही जश्न का माहौल गुस्से में बदल गया और प्रशंसकों ने निमार्ता एसआर प्रभु व ड्रीम वारियर पिचर के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। जानकारी के मुताबिक, फिल्म की रिलीज में देरी की वजह वित्तीय विवाद और डिजिटल कोड भुगतान में हुई समस्या बताई जा रही है। पुडुचेरी और चेन्नई के कई सिनेमाघरों के बाहर फैंस देर तक अपडेट का इंतजार करते नजर आए। इस बीच पीवीआर आईनॉक्स ने स्पष्ट किया है कि 'करुप्पु' अब 15 मई को रिलीज होगी।

## साई पल्लवी की फिल्म 'एक दिन' बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप, मेकर्स हुए सतर्क



साई पल्लवी की बॉलीवुड डेब्यू फिल्म 'एक दिन' बॉक्स ऑफिस पर खास प्रदर्शन नहीं कर पाई, जिसके बाद अब उनकी आगामी फिल्म 'रामायण' को लेकर नई चचाएं शुरू हो गई हैं। फिल्म में सीता के किरदार के लिए साई पल्लवी की आवाज डब किए जाने पर विचार किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि 'एक दिन' में उनके हिंदी उच्चारण को लेकर सोशल मीडिया पर हुई आलोचना के बाद निमार्ताओं ने यह कदम उठाने का फैसला लिया है। रिपोर्ट्स के अनुसार निर्देशक नितेश तिवारी और उनकी टीम का मानना है कि 'रामायण' जैसी महागाथा में सीता के किरदार के लिए भावनात्मक गहराई के साथ शुद्ध हिंदी टोन भी बेहद जरूरी है। सोशल मीडिया पर कई यूजर्स ने साई पल्लवी के हिंदी उच्चारण को लेकर सवाल उठाए थे। कुछ लोगों ने यहां तक कहा कि 'रामायण' जैसे बड़े प्रोजेक्ट में भाषा और संवाद अदायगी को लेकर और अधिक सावधानी बरतनी चाहिए थी। बताया जा रहा है कि इससे पहले सीता के किरदार के लिए आलिया भट्ट का नाम लगभग तय माना जा रहा था, लेकिन डेट्स की समस्या के चलते उन्होंने फिल्म से दूरी बना ली। इसके बाद यह भूमिका साई पल्लवी को मिली। फिल्म में रणबीर कपूर भगवान राम और यश रावण के किरदार में नजर आएंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'रामायण: पार्ट 1' दिवाली 2026 पर रिलीज हो सकती है, जबकि दूसरा भाग 2027 में सिनेमाघरों में आएगा।

# लंबित प्रकरणों पर डीडीसी नाराज

### आत्मसमर्पित नक्सलियों के पुनर्वास मामलों की समीक्षा



**गढ़वा :** डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा की अध्यक्षता में गुरूवार को समाहरणालय सभागार में आत्मसमर्पित नक्सलियों के पुनर्वास एवं स्क्रीनिंग समिति की बैठक की गई। बैठक में आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत आत्मसमर्पित नक्सलियों और उनके आश्रितों को मिलने वाले लाभों की समीक्षा की गई। साथ ही लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये गये। बैठक के दौरान प्रभारी पदाधिकारी जिला सामान्य शाखा सुशील कुमार राय ने आत्मसमर्पण व पुनर्वास नीति के अंतर्गत अब तक किये गये कार्यों एवं लंबित मामलों की अद्यतन जानकारी डीडीसी को दी। समीक्षा के दौरान पाया गया कि कई मामलों में पुनर्वास से जुड़ी योजनाओं का लाभ लाभुकों तक समय पर नहीं पहुंच पाया है। इस पर डीडीसी ने नाराजगी जताते हुये सभी लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निष्पादित करने का निर्देश दिया। डीडीसी ने कहा कि सरकार की मंशा है कि हिंसा का रास्ता छोड़ मुख्यधारा में लौटने वाले लोगों को सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर मिले। इसके लिये पुनर्वास नीति के तहत मिलने वाली सभी सुविधाएं पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराना आवश्यक है। बैठक में पुनर्वास अनुदान, घोषित पुरस्कार राशि भुगतान, व्यावसायिक प्रशिक्षण, परिवार के सदस्यों का जीवन बीमा, पुनर्वास से संबंधित दर्ज मामलों में पैरवी के लिए अधिवक्ता भुगतान, सरकारी चिकित्सा सुविधा, स्व-नियोजन, हथियार समर्पण के बदले राशि भुगतान, भूमि आवंटन, आवास योजना लाभ, शिक्षण शुल्क, कन्यादान योजना सहित अन्य योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। संबंधित विभागों को निर्देश दिया गया कि लंबित मामलों का जल्द सत्यापन कर लाभुकों को योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाय। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि लंबित मामलों के निराकरण, सत्यापन प्रक्रिया में तेजी लाने तथा आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों एवं उनके आश्रितों को पुनर्वास पैकेज के तहत मिलने वाले लाभों की विस्तृत जानकारी देने के लिये आगामी 29 मई को विशेष बैठक आयोजित की जायेगी। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि सभी संबंधित लोगों को समय पर सूचना देकर उनकी उपस्थिति सुनिश्चित कराई जाय। मौके पर आरडी बड़ाईक, राज महेश्वरम, डॉक्टर जेएफ कैनेडी, कैसर रजा, एलडीएम, डीपीएम जेएलपीएस समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

## तेज आंधी तूफान में काफी नुकसान

**कांडी :** प्रखंड क्षेत्र में बुधवार की देर शाम आये तेज आंधी तूफान में काफी नुकसान सामने आया है। उसी समय से क्षेत्र में लगभग 24 घण्टे से बिजली भी बाधित है। बिजली नहीं रहने से इस तपती गर्मी में लोगों का जिना हराम हो गया है। मोटर नहीं चलने से पीने का पानी का भी समस्या खड़ा हो गया है। बिजली गुल रहने से स्कूलों में लगाया गया कम्प्यूटर व लैब गुरुवार को बन्द रहे। उधर प्रखण्ड के शिवपुर पंचायत के अधौरा गांव निवासी राम जी राम के घर का एसवेस्टस सीट आंधी तूफान में उड़ गया। जिससे काफी नुकसान उठाना पड़ा है। पीड़ित व्यक्ति ने बताया कि यह आंधी तूफान ने मुझे 50 हजार का नुकसान में डाल दिया है।



## बिहार भेजी जा रही सौ बोतल अवैध शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार



**हुसैनाबाद :** बिहार में लागू शराबबंदी कानून के बीच झारखंड से हो रही शराब तस्करी पर हुसैनाबाद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुये अवैध शराब की खेप पकड़ने में सफलता हासिल की है। दंगवार ओपी क्षेत्र में गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुये एक काले रंग की एक्सयूवी-500 वाहन से 100 बोतल अवैध देशी टनाका शराब बरामद की है। मौके से वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार एसडीपीओ दिव्यांश शुक्ला को बीती रात करीब 11:30 बजे सूचना मिली थी कि हरियाणा नंबर की एक एक्सयूवी-500 वाहन से शराब लोड कर दंगवार मार्ग के रास्ते बिहार ले जाई जा रही है। सूचना मिलते ही दंगवार ओपी चेक पोस्ट के समीप हुसैनाबाद थाना प्रभारी चंदन कुमार के नेतृत्व में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान एचआर-26-बीजेड-0496 नंबर की एक्सयूवी-500 को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी में वाहन से चार पेटी अवैध देशी टनाका शराब बरामद हुई। प्रत्येक पेटी में 25 बोतल शराब रखी गई थी। इस प्रकार कुल 100 बोतल शराब जब्त की गई। पुलिस ने शराब के साथ वाहन को भी कब्जे में ले लिया। गिरफ्तार चालक की पहचान विक्रांत सिंह, पिता रामाश्रय सिंह, निवासी बहेरा थाना हुसैनाबाद, जिला पलामू के रूप में हुई है। मामले में हुसैनाबाद थाना में विभिन्न धाराओं एवं उत्पाद अधिनियम के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस ने कहा कि बिहार सीमा से जुड़े इलाकों में शराब तस्करी रोकने के लिये जांच अभियान लगातार तेज किया जायेगा।

## तीन दिवसीय टीचर नीड असेसमेंट प्रशिक्षण संपन्न




**श्री बंशीधर नगर :** शिक्षा विभाग के निर्देश पर यहां प्लस टू उच्च विद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय टीचर नीड असेसमेंट (टीएनए) गुरुवार को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न हो गया। वीरेंद्र प्रसाद ने बताया कि टीएनए का उद्देश्य शिक्षकों की पेशेवर जरूरतों का आकलन कर उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षण के लिये आवश्यक प्रशिक्षण एवं संसाधन उपलब्ध कराना है। इससे शिक्षण में आ रही कमियों की पहचान कर नई शिक्षण पद्धतियों का प्रशिक्षण दिया जाता है। उन्होंने टीएनए के सफल संचालन के लिये बीआरपी, सीआरपी, बीआरसी कर्मियों तथा सभी प्रतिभागी शिक्षकों को धन्यवाद दिया और कहा कि सभी के सहयोग से ही यह संभव हो सका। मौके पर बीरेंद्र पांडेय, बीआरपी श्रीकांत चौबे, सीआरपी संजय कुमार सिंह, प्रशांत कुमार देव, अजय कुमार, शक्तिदास प्रसाद सिन्हा, शोभा कुमारी, शशिकांत पाल, राजकुमार कुशवाहा सहित सभी शिक्षक उपस्थित थे।

## अमेरिका का दावा- होर्मुज नाकेबंदी के बाद 70 जहाजों का रास्ता बदला

**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने दावा किया है कि होर्मुज जलडमरूमध्य में बढ़ते तनाव और कथित नाकेबंदी के बाद अब तक करीब 70 व्यापारिक जहाजों ने अपना मार्ग बदल लिया है। अमेरिकी सेना के सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने कहा कि क्षेत्र की सुरक्षा स्थिति को देखते हुए समुद्री यातायात पर बड़ा असर पड़ा है। सेंटकॉम के अनुसार, अमेरिकी नौसेना ने इस दौरान चार जहाजों को डिएक्टिव भी किया है। हालांकि, अमेरिकी अधिकारियों ने यह स्पष्ट नहीं किया कि इन जहाजों के खिलाफ किस प्रकार की कार्रवाई की गई या उन्हें किस कारण से रोका गया।

### नाली निर्माण में लापरवाही और जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के कारण आज तक खुला पड़ा है नाला, दुर्घटना को दिया निमंत्रण

# खुले नाले के 5 फीट गहरे गड्ढे में गिरी गाय, ग्रामीणों ने बचाकर निकाला बाहर



**रंका :** प्रखंड के एनएच-343 मुख्य मार्ग के समीप कन्या मध्य विद्यालय के सामने बने खुले नाले में एक गाय गिर गई। बताया गया कि नाले में करीब पांच फीट गहरा गड्ढा होने के कारण गाय उसमें फंस गई और बाहर नहीं निकल सकी। घटना की सूचना मिलते ही इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार से जुड़े पीएलवी राजेश कुमार चौधरी, अमरेन्द्र कुमार, कैमुद्दीन अंसारी के साथ बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद की प्रखंड टीम और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। सभी ने मिलकर तत्काल बचाव अभियान शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद रस्सियों और स्थानीय संसाधनों की मदद से गाय को सुरक्षित बाहर निकाला गया। घटना में गाय गंभीर रूप से घायल हो गई। गाय का पिछला पैर का खुर टूट गया है, जिससे वह चलने में असमर्थ हो गई है और काफी खून बह रहा था। स्थिति को देखते हुये पीएलवी राजेश कुमार चौधरी ने तत्काल कई पशु चिकित्सकों से संपर्क किया। इसके बाद पशु विभाग से जुड़े कैमुद्दीन अंसारी द्वारा गाय का प्राथमिक उपचार किया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार नाला लंबे समय से खुला हुआ है और यहां पहले भी कई हादसे हो चुके हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि अब तक दस से अधिक बार लोग और मवेशी इस नाले में गिर चुके हैं। यह स्थान स्कूल के सामने और एनएच-343 के किनारे होने के कारण हमेशा लोगों और वाहनों की आवाजाही बनी रहती है। ऐसे में कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय निवासी चंदन, सोनू मधेशिया, राजन गुप्ता, आलोक कुमार, विवेक चौधरी, बंटी मालाकार, श्रवण चंद्रवंशी, अविनाश पटेल, प्रवीण कुमार, शुभम झा, अंकित दुबे समेत अन्य लोगों ने प्रशासन से जल्द समाधान की मांग की है। लोगों का कहना है कि नाली निर्माण में लापरवाही और जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के कारण आज तक नाला खुला पड़ा हुआ है। कई बार शिकायत करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिससे आय दिन दुर्घटनाएं बढ़ती जा रही हैं।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)